RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, बुधवार 08 अक्टूबर 2025 | वर्ष 07 | अंक 172 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय पर छेड़छाड़ का आरोप



Page - 2

# मुंबई : चेंबूर में एक बड़े अवैध जुए के अड्डे पर छापा...

## हिरासत में 33 लोग



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने चेंबूर में एक बड़े अवैध जुए के अड्डे पर छापा मारा, जिसमें 33 लोगों को हिरासत में लिया गया. कार्रवाई के दौरान 3.3 करोड़ रुपये से ज्यादा के जुए के उपकरण, 1.5 लाख रुपये नकद, डिजिटल भुगतान मशीन और विदेशी शराब जब्त की गई. पुलिस ने 1.5 लाख रुपये नकद, 3.3 करोड़ रुपये से अधिक के जुआ उपकरण, एक डिजिटल भुगतान मशीन और 10,000 रुपये की विदेशी शराब जब्त की है.

अवैध जुए के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा इकाई 8 ने शुक्रवार को चेंबूर पूर्व में एक बड़े जुए के अड्डे पर छापा मारा. एक मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए, अधिकारियों ने डॉ. सी. गिडवानी रोड स्थित वसंत विहार कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंज़िल पर छापा मारा. इस कार्रवाई के दौरान, जुआ अड्डे के संचालक, एक कैशियर और 31 जुआरियों सहित 33 लोगों को हिरासत में लिया गया. अधिकारियों ने 1.5 लाख रुपये की नकदी, 3.3 करोड़ रुपये से ज्यादा के जुए के उपकरण, एक डिजिटल भुगतान मशीन और 10,000 रुपये की विदेशी शराब जब्त की. जुए के उपकरणों में कार्ड, चिप्स और अवैध सट्टेबाजी चलाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण शामिल थे.

# मराठा आरक्षण वाले GR पर रोक लगाने की मांग!

# हाई कोर्ट से आया बड़ा अपडेट

**मराठा आरक्षण की मांग को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है, जिससे देवेंद्र फड़णवीस सरकार और मनोज जरांगे को राहत मिली है। दरअसल, मराठा आरक्षण के मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा 2 सितंबर को जारी किए गए शासन निर्णय पर कई ओबीसी संगठनों ने रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने अंतिम फैसला सुनाते हुए GR पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।**



कोर्ट ने शासन निर्णय पर अंतरिम स्थगन देने से साफ इनकार किया है। ऐसे में मराठा आरक्षण के सवाल पर राज्य सरकार को बड़ी राहत मिल गई है। यह GR हैदराबाद गजेटियर के क्रियान्वयन को मंजूरी देने से जुड़ा है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। हैदराबाद गजेटियर के अमल को लेकर पारित शासन निर्णय के खिलाफ मुंबई हाई कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाकताओं की मांग थी कि 2 सितंबर का शासन निर्णय असंवैधानिक है और उसे रद्द किया जाना चाहिए।

### इन संगठनों ने याचिकाएं दायर की थीं

**महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए निम्नलिखित संस्थाओं ने रिट याचिकाएं दाखिल की थीं:** कुनबी सेना, महाराष्ट्र माली समाज महासंघ, अहीर सुवर्णकार समाज संस्था, महाराष्ट्र नाभिक महामंडल, सदानंद मंडलिक, इन संगठनों को आशंका है कि यदि मराठा समाज को आरक्षण दिया गया तो इससे ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण कोटे पर असर पड़ेगा। मनोज जरांगे ने सरकार के समक्ष यह शर्त रखी थी कि जब तक मराठा आरक्षण को लेकर ऋक्ष जारी नहीं होता, वे आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे। इसके बाद 2 सितंबर को सरकार की कैबिनेट उप-समिति के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए उन्होंने अपना अनशन समाप्त किया था।

# 50 हजार में नाबालिग की शादी का सौदा, पुलिस ने ऐसे किया भंडाफोड़!



**ठाणे :** ठाणे के शहापुर तहसील के शेनवे गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी के सौदे का मामला सामने आया है। महज 50 हजार रुपये में 17 वर्षीय लड़की का विवाह कराने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन पुलिस और जिला बाल एवं महिला कल्याण विभाग की तत्परता से यह बाल विवाह टल गया। किन्हवली पुलिस थाने के निरीक्षक नितिन खैरनार ने बताया कि रविवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि शेनवे गांव में एक लड़की का हल्दी समारोह चल रहा है, जबकि उसकी उम्र 18 वर्ष से कम है। सूचना के बाद पुलिस और महिला बाल कल्याण विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कार्यक्रम को रोक दिया।

# 52 वर्षीय व्यक्ति से बड़ी निवेश धोखाधड़ी, कुर्ला व्यवसायी के खिलाफ FIR



**मुंबई:** विनोबा भावे नगर पुलिस ने कुर्ला के एक कपड़ा व्यवसायी नदीम हुसैन धामस्कर के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स उद्यमी से व्यावसायिक निवेश के नाम पर 92.22 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, 52 वर्षीय हबीब इब्राहिम वानु, कुर्ला (पश्चिम) के किरोल रोड स्थित प्रीमियर एक्सोटिका के निवासी हैं और मूल रूप से रत्नागिरी जिले के लांजा के रहने वाले हैं। उनके पिता, इब्राहिम वानु, आरोपी के पिता मोहम्मद हुसैन धामस्कर के घनिष्ठ मित्र थे।

# मुंबई : चेंबूर के आरसी मार्ग स्थित प्रमिला बार एंड रेस्टोरेंट में छापेमारी!

# सेक्स रैकेट का पदार्फाश...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने चेंबूर के आरसी मार्ग स्थित प्रमिला बार एंड रेस्टोरेंट में छापेमारी कर एक बड़े सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया। बार और रेस्टोरेंट की आड़ में वेश्यावृत्ति का धंधा फलफूल रहा था। पुलिस ने बार मैनेजर, मालिक और एक ग्राहक को गिरफ्तार किया, जबकि 8 महिलाओं को वहां से सुरक्षित निकाला। यह कार्रवाई आरसीएफ पुलिस स्टेशन को मिली एक गुप्त सूचना पर की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि प्रमिला बार में बार की आड़ में यौन सेवाएं दी जा रही हैं। दोनों थानों की संयुक्त टीम ने जाल बिछाया। एक फर्जी ग्राहक को बार भेजा गया।

मैनेजर निशिकांत सदानंद साहू ने फर्जी ग्राहक को 1,000 रुपए में यौन सेवा देने का ऑफर दिया। इसके बाद फर्जी ग्राहक सहमत हो गया और उसे बार की पहली मंजिल पर ले जाया गया। वहां उसने एक ड्रिंक ऑर्डर किया। इसके बाद महिला बारटेंडर पहुंची और उसने अनुचित व्यवहार शुरू कर दिया। इस बीच पुलिस ने वहां रेड मार दी। छापेमारी के दौरान अंबेडकर नगर, मानखुर्द की रहने वाली 41 वर्षीय महिला को फर्जी ग्राहक से पैसे लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। बार में कुल 8 वयस्क महिलाएं काम करती मिलीं, जो वेश्यावृत्ति में लिप्त थीं। ये महिलाएं मुंबई के चेंबूर, तिलक नगर, मानखुर्द और उल्हासनगर जैसे इलाकों की रहने वाली हैं।

# मुंबई : समुद्र किनारे तेज रफ्तार कार अचानक रेलिंग तोड़ते समुद्र में जा गिरी...

# ड्राइवर को किसी तरह किया गया रेस्क्यू



**मुंबई :** मुंबई में एक अजीबोगरीब कार हादसे ने सभी के होश उड़ा दिए। समुद्र किनारे सड़क पर चलते हुए एक तेज रफ्तार कार अचानक रेलिंग तोड़ते हुए बाहर निकल गई। कार समुद्र में जा गिरी। इस हादसे के बाद ड्राइवर को किसी तरह से रेस्क्यू किया गया, लेकिन कार लहरों में बह गई। यह मामला मुंबई की कोस्टल रोड पर सोमवार की रात हुआ। कार महालक्ष्मी से वर्ली की तरफ जा रही थी, तभी ड्राइवर ने कार से संतुलन खो दिया और यह भीषण हादसा देखने को मिला।

### ड्राइवर को किया रेस्क्यू

महाराष्ट्र सुरक्षाबल के कर्मचारियों ने अपनी जान दांव पर लगाकर ड्राइवर को समुद्र से बाहर निकाला। कार हादसे की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। हालांकि, पुलिस को शक है कि ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने ड्राइवर के खून का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है।

### 30 फीट नीचे गिरी कार

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, ड्राइवर ने अचानक कार से नियंत्रण खो दिया और कार रेलिंग तोड़ते हुए 30 फीट की ऊंचाई से समुद्र में गिर गई। टरऋने कार को गिरते देखा और फौरन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। ड्राइवर को किसी तरह समुद्र से बाहर निकाला गया। इस दौरान उसे कुछ चोटें आईं हैं। ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वर्ली पुलिस स्टेशन ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## आत्मनिर्भरता की आत्मघाती बाधा...

इन दिनों विषाक्त कफ सीरप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत का मामला चर्चा में है। हर तरफ आक्रोश है और उसके चलते जांच एवं कार्रवाई की बातें हो रही हैं। क्या यह पहली बार हो रहा है? नहीं। 1986 में मुंबई में विषाक्त कफ सीरप से 14 बच्चों की जान गई थी और दिल्ली में 33 बच्चों की। इसके बाद 2020 में जम्मू में 12 बच्चों की मौत हुई। हर बार सब कुछ ठीक करने की बातें की गईं, लेकिन स्थितियां नहीं बदलीं। 2022 में भारतीय दवा कंपनियों की ओर से बनाई गई कफ सीरप से गांबिया और फिर उज्बेकिस्तान में कई बच्चों की मौत हुई। इन मौतों का संज्ञान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी लिया। इन मामलों के कारण भारत की दवा कंपनियों की बदनामी भी हुई। माना जा रहा था कि इस बदनामी के कारण विषाक्त कफ सीरप बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और दवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण करने वाली सरकारी एजेंसियां अपना काम सही तरह से करेंगी, पर नतीजा ढाक के तीन पात वाला रहा।

गांबिया और उज्बेकिस्तान को कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनियों के खिलाफ फौरी कार्रवाई तो हुई, पर ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जो नजीर बनती और विषाक्त कफ सीरप बनने का सिलसिला थमता। ऐसा ही राजस्थान और मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनी के साथ हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि इस सीरप में विषाक्त रसायन के प्रयोग को लेकर विरोधाभासी खबरें आ रही हैं। दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और सरकारें कुछ भी दावा करें, यह काम सही तरह नहीं होता और इसका प्रमाण यह है कि आए दिन दवाओं के सैंपल फेल होने की खबरें आती हैं। पिछले महीने खबर आई थी कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य दवा नियामकों की जांच में हिमाचल प्रदेश की दवा कंपनियों की 94 दवाओं के सैंपल फेल हुए। जांच में तीन दवाएं नकली भी निकलीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन हर माह ड्रग अलर्ट जारी करता है। अगस्त के ड्रग अलर्ट के अनुसार हिमाचल की 31 दवा कंपनियों की 38 दवाएं गुणवत्ता के पैमाने पर खरी नहीं उतरीं।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# अनिल परब : उनका नार्को टेस्ट होना चाहिए...

# उन्होंने सरकार के 700 करोड़ रुपये के टैक्स की चोरी की - रामदास कदम

**मुंबई :** ए. अनिल परबः उनका नार्को टेस्ट होना चाहिए। उन्होंने सरकार के 700 करोड़ रुपये के टैक्स की चोरी की है। वे केवल उद्धव ठाकरे को खुश करने के लिए आरोप लगा रहे हैं, शिंदे सेना नेता रामदास कदम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा। कदम ने परब की फिर आलोचना की। उन्होंने कहा, परब ने 8 हजार मराठी लोगों को धोखा दिया है। विले पार्ले में एक झुग्गी पुनर्वास योजना चल रही है। यह अभी तक पूरी नहीं हुई है। निवासियों ने मुझे एक हलफनामा दिया। इसमें 8 हजार लोगों को केवल एक साल का किराया दिया गया। ये मराठी परिवार 9 साल से मुंबई से बाहर रह रहे हैं। परब ने बिल्डर से करोड़ों रुपये और दो मर्सिडीज लीं। उन्होंने





आरोप लगाया कि यह मेरी राय नहीं है, बल्कि निवासियों ने हलफनामे में जो कहा है, वह है।

परब ने डांस बार को लेकर भी कदम पर आरोप लगाए थे। उस पर कदम ने कहा कि यह डांस बार नहीं, बल्कि सिर्फ. एक ऑर्केस्ट्रा था। उन्होंने यह सिर्फ. कदम परिवार को बदनाम करने के लिए कहा। मैं अदालत जाऊँगा। परब ने करोड़ों रुपये के सरकारी राजस्व का नुकसान किया है। वह फर्जी केबल कंपनियों से हुए नुकसान को दिखाकर यह धंधा कर रहा है। उसने पनवेल से राजापुर तक केबल बिछाई। लेकिन सरकार को एक पैसा भी नहीं दिया। इससे सरकार को 700 करोड़ का नुकसान हुआ। मैं यह सारी जानकारी राज्य सरकार को दूँगा। मेरे भतीजे ने आत्महत्या नहीं की। वह घटना एक सड़क दुर्घटना थी, ऐसा भी कहा।

जांच करें: परब रामदास कदमः ए. परब द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में जब उनसे संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, ''सरकार को जाँच करनी चाहिए। अगर सरकार आपकी है, तो जाँच करें।'' परिवार का इस्तेमाल राजनीति के लिए नहीं किया जाना चाहिए: ज्योति कदम रामदास कदम की पत्नी ज्योति कदम पहली बार मीडिया के सामने आईं। उन्होंने परब द्वारा जलाए जाने के मुद्दे पर सफाई दी। उन्होंने अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं कि परब द्वारा लगाए गए आरोप झूठे हैं और परिवार का इस्तेमाल राजनीति के लिए नहीं किया जाना चाहिए, इससे बहुत परेशानी होती है।

## मुंबई : ब्लिंकिट डिलीवरी ब्वॉय पर छेड़छाड़ का आरोप




**मुंबई :** मुंबई की एक महिला ने सोशल मीडिया पर एक ब्लिंकिट डिलीवरी ब्वॉय पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए वीडियो साझा किया है। महिला का दावा है कि ऑर्डर डिलीवर करते समय डिलीवरी एजेंट ने पार्सल देते हुए उसकी छाती को छुआ, जिसके बाद उसने तुरंत पार्सल अपने सामने रख लिया। वीडियो में ब्लिंकिट की पीली यूनिफॉर्म में एक डिलीवरी ब्वॉय को पार्सल देते और पैसे लेते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वह बकाया पैसे लौटाता है, महिला के मुताबिक उसने अनुचित तरीके से छुआ जिसके बाद महिला ने तुरंत दूरी बना ली।

महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''आज मेरे साथ ब्लिंकिट ऑर्डर करते समय ऐसा हुआ। डिलीवरी ब्वॉय ने पता दोबारा पूछा और फिर मुझे गलत तरीके से छुआ। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। महिलाओं की सुरक्षा कोई मजाक नहीं है।''

महिला ने ब्लिंकिट को पोस्ट में टैग करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। महिला ने आगे बताया कि जब उसने मौखिक शिकायत की, तब कंपनी ने केवल चेतावनी और 'सेंसिटिविटी ट्रेनिंग' देने की बात कही। लेकिन जब उसने वीडियो सबूत भेजा तब जाकर कंपनी ने डिलीवरी ब्वॉय का कॉन्ट्रैक्ट रद कर दिया। इसके बाद ब्लिंकिट ने जवाब देते हुए लिखा, ''हमें इस घटना के लिए खेद है। हमने जरूरी कार्रवाई कर ली है। अगर आपको और मदद चाहिए तो कृपया हमें ञ्ट करें।'' हालांकि, सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली। इसके बाद मुंबई पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जवाब दिया और लिखा, ''हमने आपको फॉलो कर लिया है। कृपया डीएम में अपनी संपर्क जानकारी साझा करें।''

## मुंबई : वन्यजीव तस्करी का सनसनीखेज मामला उजागर;

### बैंकॉक से पहुंचे एक यात्री जिंदा विदेशी जीव बरामद...



**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशन एयरपोर्ट पर मुंबई कस्टम्स जोन-क्क्क के अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वन्यजीव तस्करी का सनसनीखेज मामला उजागर किया। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने बैंकॉक से फ्लाइट नंबर 6ए 1060 से पहुंचे एक यात्री को रोका और उसके पास से जिंदा विदेशी जीव बरामद किए।

**ट्रॉली बैग में मिले दुर्लभ विदेशी प्रजाति के जीव**

जांच के दौरान जब कस्टम अधिकारियों ने यात्री का ट्रॉली बैग खोला तो उसके अंदर जीवित और मृत दुर्लभ विदेशी प्रजातियों को देखकर सभी दंग रह गए। बरामद जीवों में 19 इगुआना, 10 ऑरेंज बियर्डेड ड्रैगन, 1 मृत रैकून, 1 जीवित क्विंस मॉनिटर लिजर्ड, 3 गिलहरियाँ जिनमें 2 गंभीर अवस्था में और 1 मृत थी, तथा 2 मृत सेंट्रल अमेरिकन स्क्विरल मंकी शामिल हैं। सभी जीवों को यात्री ने बड़े ही चालाकी से ट्रॉली बैग के अंदर छिपा रखा था ताकि जांच से बचा जा सके। हालांकि, सतर्क अधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधि देखते हुए बैग की स्कैनिंग की, जिसमें यह जंगली जीवों की तस्करी का मामला सामने आया।

**वन विभाग को सौंपे गए जीव**

कस्टम विभाग ने आरोपी यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 तथा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बरामद जीवों को वन विभाग को सौंप दिया गया है ताकि उनका उचित इलाज और देखभाल हो सके। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में विदेशी प्रजातियों को अवैध रूप से देश में लाने का प्रयास अक्सर पालतू पशु व्यापार या अवैध एक्सॉटिक पेट मार्केट के लिए किया जाता है। मुंबई एयर कस्टम्स ने कहा कि वह इस तरह की तस्करी पर लगातार नजर रखे हुए है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े सिंडिकेट्स की पहचान के लिए जांच जारी है।

# मुंबई : नीतिगत सुधारों के कार्यान्वयन के कारण महाराष्ट्र देश का निवेश केंद्र बन गया है - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बुनियादी ढाँचे के विकास और नए उद्योगों को आसानी से और कम समय में शुरू करने के लिए नीतिगत सुधारों के कार्यान्वयन के कारण महाराष्ट्र देश का निवेश केंद्र बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के इन सभी प्रयासों के कारण राज्य में निवेश के असीमित अवसर मौजूद हैं। उन्होंने सोमवार को स'ाद्री गेस्ट हाउस में एक बैठक में निवेशकों से राज्य में और अधिक निवेश करने की अपील की। बैठक में उद्योग मंत्री उदय सामंत, उद्योग राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक और 20-20 निवेश संघ की अध्यक्ष वेरा ट्रोजन उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ''नीतिगत सुधारों और बुनियादी ढाँचे के विकास के कारण, महाराष्ट्र देश का 'विकास केंद्र' बन गया है। देश की कुल डेटा क्षमता का 60 प्रतिशत महाराष्ट्र के पास है। मुंबई न केवल देश की आर्थिक राजधानी है, बल्कि मनोरंजन और स्टार्ट-अप की राजधानी भी है। इसलिए, महाराष्ट्र देश में निवेश का 'चुंबक' बन गया है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से काम कर रही है।



''भूजल स्तर बढ़ाने के लिए राज्य में जनभागीदारी से जलयुक्त शिवार अभियान चलाया गया है। इस योजना का क्रियान्वयन दूसरे चरण के अंतर्गत किया जा रहा है। इस योजना के कारण राज्य के लगभग 20,000 गाँव सूखा मुक्त हो गए हैं। गाँवों में जल संतृप्ति के साथ-साथ किसान भी समृद्ध हो रहे हैं। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता के कारण किसान साल में एक फसल की बजाय दो फसलें उगा रहे हैं। बागवानी की खेती में भी वृद्धि हुई है।'' मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य में वैनगंगा से नलगंगा तक देश की सबसे बड़ी नदी जोड़ो परियोजना का काम शुरू किया जाएगा। इस परियोजना का पूरा अध्ययन पूरा हो चुका है और एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है। इससे विदर्भ जल-समृद्ध बनेगा। यह नदी जोड़ो परियोजना लगभग 500 किलोमीटर लंबी है। इसके साथ ही, राज्य को यथासंभव सिंचित करने के लिए, पश्चिमी घाट से समुद्र की ओर बहने वाले पानी को लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से गोदावरी बेसिन तक लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, ''गोदावरी बेसिन में पानी की कमी है। इसके माध्यम से इस कमी को पूरा किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, यहाँ कृषि और उद्योगों को माँग के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। परियोजना के पूरा होने के बाद, पूरे महाराष्ट्र की सिंचाई हो सकेगी।''मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार औद्योगिक विकास के साथ-साथ प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करने के लिए भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ, बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए, राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ऐसी प्रशिक्षण सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

# मुंबई : 7 अक्टूबर मंगलवार से लेकर 9 अक्टूबर, गुरुवार तक 10 प्रतिशत पानी की कटौती...

**ठाणे:** मुंबई और ठाणे के लोगों को अगले तीन दिनों तक कम पानी की सप्लाई मिलेगी। ठाणे नगर निगम के पिसे और पंजरपुर स्थित वॉटर प्युरिफायर सेंटर पर बिजली मीटरों को अपडेट करने का काम शुरू हो गया है। इसके चलते आज यानी 7 अक्टूबर मंगलवार से लेकर 9 अक्टूबर, गुरुवार तक 10 प्रतिशत पानी की कटौती लागू रहेगी। इस दौरान ठाणे और मुंबई के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई सीमित रहेगी। नगर निगम पिसे और पंजरापुर वॉटर प्युरिफायर सेंटर पर 100 किलोवाट के बिजली मीटरों को अपडेट करने का काम कर रहा है। यह काम दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे के बीच किया



जाएगा और इस दौरान कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई अस्थायी रूप से बाधित हो सकती है। नगर निगम ने साफ किया है कि काम पूरा होने के बाद 10 अक्टूबर से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

**ठाणे के कौन से इलाके प्रभावित होंगे ?**

ठाणे नगर निगम को मुंबई नगर निगम के स्त्रोतों से प्रतिदिन 85 एमएलडी पानी मिलता है। इस सप्लाई के आधार पर, निम्नलिखित क्षेत्रों में पानी की कटौती लागू की जाएगीः नौपाड़ा, पचपखाड़ी, हजुरी, लुईसवाड़ी, रघुनाथ नगर, नामदेव वाडी, साईनाथ नगर, रामचन्द्र नगर, किसान नगर नंबर 1 और 2, शिवाजी नगर, पडवल नगर, जनता स्लम, शिवशक्ति नगर, करवालो नगर, अंबिका नगर, ज्ञानेश्वर नगर, जय भवानी नगर, काजूवाड़ी, जीजामाता नगर, बालकुम पाड़ा नंबर 1, लक्ष्मी नगर, अंबेडकर नगर, मानपाड़ा। (नालपाड़ा), कोपरी धोबीघाट, गावदेवी (लुईसवाड़ी) जलकुंभ, टेकड़ी बंगला जलकुंभ, भटवाड़ी, इंदिरा नगर, आनंद नगर, गांधी नगर, कोपरी कन्हैया नगर।

**मुंबई के कौन से हिस्से होंगे प्रभावित ?**

इस अवधि के दौरान दक्षिण मुंबई और उपनगरों के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई भी कम हो जाएगी। फोर्ट, कोलाबा, मरीन ड्राइव, नरीमन पॉइंट, मस्जिद बंदर, मोहम्मद अली रोड, डोंगरी, भिंडी बाजार, भायखला, अग्रीपाड़ा, नागपाड़ा, परेल, लालबाग, हिंदमाता, लोअर परेल, माटुंगा और सायन इलाकों में पानी की सप्लाई बाधित होने की आशंका है।

# मुंबई : अधिकारियों ने 5 .827 करोड़ रुपए के संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) के साथ तस्करों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर 4 और 5 अक्टूबर को सीमा शुल्क अधिकारियों ने बड़ी सफलता हासिल की। सीमा शुल्क क्षेत्र 3 के अधिकारियों ने मुखबिर की जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5.827 करोड़ रुपए के संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया। मुखबिर से मिली सूचना के बाद सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से उड़ान संख्या वीजेड 760 से आए तीन अलग-अलग यात्रियों को रोककर उनकी तलाशी ली। इन तीनों के चेक इन ट्रॉली बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में संदिग्ध हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) बरामद हुआ। पहले मामले में यात्री से 1.964 किलोग्राम वीड बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1.964 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। दूसरे और तीसरे मामले में, दो अलग-अलग यात्रियों से 1.93



किलोग्राम नशीली सामग्री बरामद की गई, जिसकी कीमत 1.93 करोड़ रुपए है। वहीं, 1.933 किलोग्राम की बरामद नशीली सामग्री की कीमत 1.933 करोड़ रुपए आंकी गई। मादक पदार्थ तीनों यात्रियों द्वारा बड़ी चतुराई से ट्रॉली बैग के अंदर छिपाए गए थे। तीनों यात्रियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक अन्य बड़ी कार्रवाई में वन्यजीवों की तस्करी का पदार्फाश किया। बैंकॉक से उड़ान संख्या 6ई 1060 से आए एक यात्री को रोकने पर उसके ट्रॉली बैग से कई विदेशी जीवित जानवर बरामद हुए। इनमें 19 इगुआना, 10 ऑरेंज दाढ़ी वाले ड्रेगन, 1 क्विंस मॉनिटर छिपकली, और गिलहरी शामिल थीं। वहीं, एक रैकून मृत पाया गया। यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में कोलंबो से उड़ान संख्या यूएल 141 से आ रहे एक यात्री के सामान की जांच के आधार पर, अधिकारियों ने 32.19 लाख रुपए मूल्य के उच्च-तकनीकी ड्रोन जब्त किए। यह खेप भी ट्रॉली बैग में छिपाई गई थी। सीएसएमआईए सीमा शुल्क क्षेत्र 3 के अधिकारियों की इस संयुक्त कार्रवाई ने अवैध मादक पदार्थों और वन्यजीवों की तस्करी के प्रयासों को विफल कर दिया।

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 30,000 करोड़ रुपये और निवेश करने की योजना

**मुंबई :** अडानी ग्रुप नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 30,000 करोड़ रुपये और निवेश करने की योजना बना रहा है. ये एयरपोर्ट दिसंबर में शुरू होने वाला है. अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के सीनियर ऑफिसर्स ने बताया कि ये जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन से पहले दी गई है. ग्रुप ने पहले ही इस ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए 20,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और अब दूसरे टर्मिनल का डिजाइन शुरू हो चुका है. नया निवेश अगले फेज के लिए होगा, जिसे 2029 तक पूरा करने का प्लान है. एक ऑफिसर ने कहा कि दूसरे टर्मिनल का डिजाइन शुरू हो गया है और हम उम्मीद करते हैं कि ये 2029 तक चालू हो जाएगा. कंपनी इस फेज के लिए लोन और इक्विटी से पैसा जुटाएगी. अडानी ग्रुप अपनी एयरपोर्ट होल्डिंग कंपनी को लिस्ट करने की सोच रहा है, लेकिन अभी कोई टाइमलाइन नहीं बताई गई. इस प्रोजेक्ट में महाराष्ट्र सरकार की 26% हिस्सेदारी है, बाकी अडानी ग्रुप के पास है. पूरा होने पर, नवी मुंबई एयरपोर्ट की क्षमता 9 करोड़ यात्री प्रति साल होगी.

**इसी हफ्ते होगा उद्घाटन**

पहले फेज का उद्घाटन इस हफ्ते होगा, जिसमें एक रनवे से 2 करोड़ यात्री प्रति साल की क्षमता होगी, और ये घरेलू और इंटरनेशनल दोनों फ्लाइट्स को हैंडल करेगा. एयरपोर्ट ने अकासा एयर, इंडिगो और एयर इंडिया के साथ डील फाइनल कर ली है. ऑफिसर ने कहा कि हमारी पहले फेज की क्षमता लगभग पूरी



हो जाएगी. शुरूआत में हर घंटे 20-23 फ्लाइट्स होंगी, और बाद में इसे बढ़ाया जा सकता है.

**दूसरे फेज में बढ़ेगी क्षमता**

दूसरे फेज में 3 करोड़ यात्रियों की क्षमता बढ़ेगी, एक बड़ा कार्गो टर्मिनल और भारत की सबसे बड़ी मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल फैसिलिटी होगी, जिसमें 5 बड़े हैंगर होंगे. इसके पूरा होने पर, कार्गो टर्मिनल 38 लाख टन माल प्रति साल हैंडल करेगा, जिससे नवी मुंबई देश का बड़ा कार्गो हब बनेगा. ऑफिसर ने कहा कि हमारा लक्ष्य मुंबई और नवी मुंबई को कार्गो हब बनाना है.भारत में अभी कोई कार्गो हब नहीं है, और नवी मुंबई इसे बदल देगा.''ग्रुप का प्लान है कि नवी मुंबई को दुबई जैसे इंटरनेशनल पैसेंजर हब के तौर पर डेवलप किया जाए. एयरपोर्ट का डिजाइन ऐसा होगा कि इंटरनेशनल ट्रांसफर आसान हो, बिना बार-बार सिक्योरिटी और कस्टम्स चेक के.1,160 हेक्टेयर में फैला ये एयरपोर्ट आखिरकार चार टर्मिनल्स के साथ 10 करोड़ यात्री प्रति साल की क्षमता तक पहुंचेगा. ऑटोमेटेड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, अंडरग्राउंड फ्यूल सिस्टम और एफिशिएंट कार्गो-पैसेंजर नेटवर्क भी होगा. अडानी ग्रुप, जो भारत में 8 एयरपोर्ट्स चलाता है, नवी मुंबई को अपनी एविएशन स्ट्रैटेजी का सेंटर बनाना चाहता है.

# मुंबई : उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच संवाद...

## दोनों पक्षों के नेता चर्चा के अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं

**मुंबई :** कोई कुछ भी कहे, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच संवाद, व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंध बहुत मजबूत हो गए हैं। अब पीछे मुड़ने का कोई रास्ता नहीं है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी है। इसलिए, कोई किसी भी सभा में कुछ भी कहे, देखते हैं ये दोनों भाई कैसे साथ आते हैं... लेकिन दोनों ठाकरे भाई आपकी छत्रछाया में खड़े होने की मनःस्थिति में हैं, ऐसा सांसद संजय राउत ने कहा।

मनसे के साथ गठबंधन पर संजय राउत ने स्पष्ट बयान दिया। पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक पारिवारिक समारोह में साथ थे। वहाँ से वे मातोश्री गए। दोनों के बीच चर्चा हुई और यह चर्चा राजनीतिक हो गई। मुंबई सहित महाराष्ट्र में 27 नगर निगम हैं। यह कोई खेल नहीं है। हर




जगह, पैनल पर बहुत सावधानी से चर्चा करना जरूरी है। राजनीतिक स्थिति अलग होती है। इन सब बातों पर चर्चा चल रही है। हर नगर निगम में दोनों दलों के नेता चर्चा कर रहे हैं। हमें वहाँ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर दोनों पक्षों के नेता चर्चा के अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं।

इसके अलावा, टअश्क्अ ने हमारा साथ नहीं छोड़ा है। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का अस्तित्व, कार्य, भूमिका और महत्व कायम है। नगर निगम को लेकर अलग-अलग राय है। जहाँ टअश्क्अ है, वहाँ शिवसेना-मनसे उसे समायोजित कर सकते हैं।

महाराष्ट्र में हर जगह अलग-अलग गणनाएँ हैं। जहाँ शिवसेना-मनसे काम करेगी, वहाँ टअश्क्अ को साथ लेना होगा। हमें उस क्षेत्र में एक साथ बैठकर अंतिम निर्णय लेना होगा। संजय राउत ने बताया कि मुंबई, ठाणे, कल्याण डोंबिवली, पुणे, नासिक के महत्वपूर्ण नगर निगमों को लेकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच आम सहमति है। इस बीच, इन प्रमुख नगर पालिकाओं के अलावा, कई अन्य नगर पालिकाएँ हैं जहाँ शिवसेना, मनसे, कुछ जगहों पर कांग्रेस और कुछ जगहों पर ठउढ की ताकत है। इन सभी पर विचार करना होगा। मुंबई का मेयर मराठी मूल का होगा। वह भगवा रक्त का होगा। दिल्ली के जूते उठाने वाला कोई भी व्यक्ति मुंबई का मेयर नहीं बनेगा। एक मेयर ऐसा होगा जो हुतात्मा चौक पर जाकर महाराष्ट्र के लिए दहाड़ेगा। शिवसेना-मनसे संगठन मराठी अस्मिता के लिए लड़ रहे हैं। ठाकरे बंधु मेयर बनेंगे। शिवसेना-मनसे केवल एक राजनीतिक गठबंधन नहीं है, यह गठबंधन दिल और दिमाग से जुड़ा है, संजय राउत ने कहा।

# मुंबई : नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को ले जाता था थाईलैंड

## अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़!



**मुंबई :** मीरा रोड में क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है. यह बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में मोटी सेलरी पर नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को पहले थाईलैंड ले जाता था और उसके बाद अवैध रूप से सड़क मार्ग के जरिये म्यांमार, कंबोडिया,चीन ले जाते थे. इसके बाद इन युवकों से साइबर फ्रॉड का काम कराया जाता था. जो युवक ये काम करने से मना करते थे उनकी कई दिनों तक जमकर पिटाई की जाती थी और इन्हें स्लेव गुलाम बनाकर रखा जाता था. इस गैंग के सरगना चीन में बैठकर ये रैकेट चला रहे है और इस गैंग का नाम ''डिजिटल सायबर स्लेवरी'' बताया जा रहा है, जो एक खूंखार 'मन स्मगलिंग और साइबर फ्रॉड गैंग है.

इस रैकेट का खुलासा तब हुआ जब 2 लड़के 13 लाख की फिरौती देकर इन गैंग के चंगुल से बाहर निकले और इंडिया आये. भारत आकर इन दोनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और क्राइम ब्रान्च मीरा रोड ने इस केस में 8 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. जिसमे 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है. गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ खान उर्फ नेपाली और रोहित कुमार मरदाना शामिल है जो अलग-अलग चैन के जरिए चीन के सरगनाओं से जुड़े है. पुलिस के मुताबिक अभी जो आरोपी फरार उसमें चीन के लियो और स्टीव नाम के 2 आरोपियों के बारे पीड़ितों ने जानकारी दी है. वहां उनके कैद में भारत की कई लड़कियां है जिन्हें इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड के काम में ढकेल दिया गया है.

# मुंबई : यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने मुंबई और चेन्नई में दो नए कैंपस खोलने का किया ऐलान



**मुंबई :** भारत के हायर एजुकेशन सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने मुंबई और चेन्नई में दो नए कैंपस खोलने का ऐलान किया है. यह कदम भारत सरकार की तरफ से विदेशी यूनिवर्सिटीज को स्वतंत्र रूप से देश में कैंपस खोलने की इजाजत दिए जाने के बाद सामने आया है. वहअ ऑस्ट्रेलिया के 'ग्रुप ऑफ ऐट' संस्थानों में से एक है. हाल ही में यूनिवर्सिटी को यूजीसी की ओर से लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुआ है और यह अगस्त 2026 से छात्रों को एडमिशन देने की तैयारी कर रही है.

**एजुकेशन हब होगा भारत**

UWA के डिप्टी वाइस चांसलर (एजुकेशन एंड स्टूडेंट एक्सपीरियंस) प्रोफेसर गाय लिटिलफेयर ने बताया कि भारत में निवेश करने का यह फैसला यूनिवर्सिटी की लॉन्ग-टर्म रणनीति का हिस्सा है. उन्होंने कहा, ''भारत की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या इसे इंटरनेशनल एजुकेशन के लिए अहम क्षेत्रों में से एक बनाती है. यहां विदेशी यूनिवर्सिटीज के लिए अपार संभावनाएं हैं.''

प्रोफेसर लिटिलफेयर के अनुसार, मुंबई भारत की वित्तीय राजधानी होने के साथ-साथ इंटरप्रेन्योरशिप इकोसिस्टम का केंद्र भी है, जबकि चेन्नई में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और टेक्नो-साइंसेज के लिए छात्रों की भारी मांग है. उन्होंने कहा, ''इन दोनों शहरों को चुनना काफी आसान था.'' वहअ ने कहा कि भारत में शुरू होने वाले दोनों कैंपस में शिक्षा का स्तर ऑस्ट्रेलिया में चल रहे कैंपस के समान ही होगा. लिटिलफेयर ने कहा, ''चाहे हम ऑस्ट्रेलिया में पढ़ा रहे हों या भारत में, क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा.'' डिप्टी वाइस चांसलर के अनुसार, नए कैंपस में न केवल कक्षा में पढ़ाई होगी, बल्कि फील्ड वर्क, रिसर्च-बेस्ड इंटर्नशिप और कम्युनिटी से जुड़ाव जैसे एक्सपीरियंस भी छात्रों को प्रदान किए जाएंगे.

# मुंबईः अनधिकृत निर्माण की अनुमति नहीं; पर्यावरणविद् मुख्यमंत्री फडणवीस...

## राज्य और केंद्रीय चुनाव आयोग से की माँग !

**मुंबईः** अगले चुनावों में, प्रत्येक उम्मीदवार को अपने हलफनामे में सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करनी चाहिए कि, ''मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत निर्माण की अनुमति नहीं दूँगा, अगर ऐसा होता है, तो मैं इसकी ज़िम्मेदारी स्वीकार करूँगा।'' पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य और केंद्रीय चुनाव आयोग से माँग की है। महाराष्ट्र के शहरी इलाकों में जमीन की कीमतें आसमान छू रही हैं। नदियाँ, झीलें, खाड़ियाँ, पार्क और हरित क्षेत्र प्रकृति की साँस हैं। यह संपदा अवैध निमार्णों के चंगुल में फँसती जा रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है और स्वच्छ जल, ताजी हवा और हरियाली पर खतरे की घंटी बजने लगी है।



डॉ. प्रशांत सिनकर ने सीधे तौर पर प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह कार्रवाई सिर्फ. दिखावा है। कुछ राजनीतिक ताकतों और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से अराजकता बढ़ रही है। समाज और प्रकृति इस मिलीभगत का शिकार हो रहे हैं। डॉ. प्रशांत सिनकर की माँग है कि उम्मीदवारों के हलफनामे सिर्फ. मीठी-मीठी बातें न हों, बल्कि उनमें सीधे तौर पर ज़िम्मेदारी का ज़िक्र होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा, अनधिकृत निर्माण रोकना निर्वाचित प्रतिनिधि की शपथ होनी चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो उन्हें साफ शब्दों में कहना चाहिए कि मैं ज़िम्मेदार हूँ। उन्होंने आगे कहा कि अगर ज़िम्मेदारी तय नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियों को साफ नदियाँ, हरी-भरी झीलें, संतुलित शहरी विकास नहीं मिलेगा। इसके विपरीत, कंक्रीट के जंगल, प्रदूषित हवा और सूखे जल स्रोत ही उनकी विरासत बनेंगे। उन्होंने कहा, यह आने वाली पीढ़ियों का सवाल है।

आज हमारा कर्तव्य है कि हम उनके भविष्य की रक्षा करें। डॉ. प्रशांत सिनकर ने विश्वास व्यक्त किया कि अगर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य और केंद्रीय चुनाव आयोग इस माँग पर अमल करें, तो महाराष्ट्र देश के लिए एक आदर्श बन जाएगा। जनप्रतिनिधियों को अपनी असली ज़िम्मेदारी का एहसास होगा, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और पर्यावरण बचाने की असली लड़ाई शुरू होगी। ठाणे के पर्यावरणविद डॉ प्रशांत का कहना है कि मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक समेत कई शहरों में अवैध निर्माण से लोग परेशान हैं।

# मुंबईः दिवाली पूर्व बिजली दरों में यह वृद्धि आम आदमी पर बोझ - अतुल लोंढे



**मुंबईः** राज्य की जनताबिजलीमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में सार्वजनिक रूप से कहा था कि अगले पाँच वर्षों में बिजली बिल कम कर दिए जाएँगे, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी बात से मुकर गए।बिजली बिल महंगा हो गया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि दिवाली पूर्व बिजली दरों में यह वृद्धि आम आदमी पर बोझ है। यह बात समिति के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कही। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बिजली के दाम कम करने का वादा झूठा निकला है और ईंधन समायोजन के नाम पर भाजपा महागठबंधन सरकार ने जनता को बिजली की महंगाई का झटका दिया है।

इस मूल्य वृद्धि से 100 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाला आम उपभोक्ता भी इस मूल्य वृद्धि से प्रभावित होगा। अतुल लोंढे ने यह भी पूछा है कि, ''यह कैसा बचत उत्सव है जब मोदी सरकार ने 8 साल तक गब्बर सिंह टैक्स लगाकर लूट मचाई और दूसरी तरफ त्योहारों के मौसम में ही जनता पर महंगाई का बोझ डालकर और जीएसटी कम करने का नाटक करके बचत उत्सव मनाने का ढोल पीट रही है?''

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com